निजी बैंकों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 876 अंक टूटा



मुंबई। निजी बैंकों में भारी बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुख के चलते शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद सोमवार को जोरदार गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी फिसलकर 22,888.95 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक यानी 1.17 प्रतिशत टूटकर 73,852.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,020.73 अंक यानी 1.36 प्रतिशत तक टूटकर 73,708.54 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 257.20 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,888.95 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 3.85 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एनटीपीसी और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहने वाले प्रमुख शेयर में शामिल रहे। निजी बैंकों के सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। दूसरी ओर, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कमजोर वैश्विक संकेतों तथा निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। ऐसे में भारतीय शेयर बाजार नए सिरे से बिकवाली के दबाव में आ गए, जिससे हालिया सुधार का रुख पलट गया। तिमाही नतीजों और मार्जिन परिदृश्य पर चिंताओं के कारण निजी बैंक दबाव में रहे। इसके विपरीत, अपेक्षाकृत बेहतर मार्जिन और परिसंपत्ति गुणवत्ता के सहारे सरकारी (पीएसयू) बैंकों ने गिरावट का मुकाबला किया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 1,165.92 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.07 प्रतिशत गिरकर 108.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

एनएसई, बीएसई में दिवाली पर 'मुहूर्त' कारोबार 2.20 बजे से 3.30 बजे तक

नयी दिल्ली। प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई दिवाली के के अवसर पर रविवार आठ नवंबर को विशेष 'मुहूर्त' कारोबारी सत्र आयोजित करेंगे। दोनों एक्सचेंज ने सोमवार को यह जानकारी दी। दोनों एक्सचेंज द्वारा जारी अलग-अलग परिपत्रों के अनुसार, विशेष कारोबार सत्र दोपहर 2:20 बजे से 3:30 बजे तक चलेगा। इससे पहले, दोपहर 2:05 बजे से 2:20 बजे तक 15 मिनट का 'प्री-ओपनिंग' सत्र आयोजित किया जाएगा। मुहूर्त कारोबार दिवाली के अवसर पर आयोजित होने वाला एक प्रतीकात्मक बाजार सत्र है। दिवाली हिंदू कैलेंडर के नए वर्ष की शुरुआत का भी प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि मुहूर्त यानी शुभ समय में कारोबार करने से संबंधित पक्षों को समृद्धि और वित्तीय वृद्धि प्राप्त होती है। हालांकि, दिवाली पर शेयर बाजार नियमित कारोबार के लिए बंद रहेगा, लेकिन निवेशकों को इस विशेष समयावधि में शेयरों की खरीद-बिक्री का अवसर मिलेगा। मुहूर्त कारोबार कम समय के लिए आयोजित किया जाता है। हालांकि, बाजार विश्लेषकों ने आगाह किया है कि कारोबार की सीमित समयावधि के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। एक्सचेंज के परिपत्रों के अनुसार, इस दौरान इक्विटी, जिंस डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, इक्विटी फ्यूचर्स एवं ऑप्शंस तथा एसएलबी सहित विभिन्न खंड में कारोबार किया जा सकेगा। एक्सचेंज ने विशेष सत्र के लिए विस्तृत समय-सारिणी भी जारी की है। परिपत्रों के अनुसार, कारोबारी सदस्यों को दोपहर 1:15 बजे से 1:50 बजे के बीच लॉग-इन करने की अनुमति होगी। इसके बाद दोपहर 1:50 बजे से 2:05 बजे तक थोक सौदों के लिए समय निर्धारित किया गया है। 'प्री-ओपनिंग' सत्र दोपहर 2:05 बजे से 2:20 बजे तक चलेगा, जबकि नियमित कारोबार दोपहर 2:20 बजे से 3:30 बजे तक होगा। आवधिक कॉल नीलामी (पीरियोडिक कॉल ऑक्शन) सत्र दोपहर 2:25 बजे से 3:20 बजे तक निर्धारित किया गया है। क्लोजिंग ऑक्शन की गतिविधियां दोपहर 3:15 बजे से 3:35 बजे तक होंगी, जबकि गैर-सीएएस प्रतिभूतियों के लिए क्लोजिंग सत्र दोपहर 3:30 बजे से 3:50 बजे तक चलेगा। सीएएस प्रतिभूतियों के लिए क्लोजिंग बफर अवधि दोपहर 3:35 बजे से 3:50 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके बाद कारोबार बंद होने के बाद का सत्र दोपहर 3:50 बजे से शाम चार बजे तक चलेगा।

एयू हार्ट टू कार्ट शॉपिंग फेस्टिवल की वापसी

मुम्बई। भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने प्रमुख एयू हार्ट टू कार्ट शॉपिंग फेस्टिवल 2026 के आठवें संस्करण की घोषणा की है। यह फेस्टिवल 11 अक्टूबर से शुरू हो चुका है जो 10 नवंबर तक चलेगा। फेस्टिव ऑफ़र्स सो गुड, नो रीज़न टू होल्ड बैक थीम पर आधारित एयू हार्ट टू कार्ट शॉपिंग फेस्टिवल 2026 रोज़मर्रा और त्योहारी खर्चों को अनेक श्रेणियों में कवर करता है। इसके ज़रिये ग्राहकों को एयू क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एयू 0101 मोबाइल ऐप के माध्यम से यूपीआई भुगतान, बैंकिंग और लोन उत्पादों तथा मर्चेंट पेमेंट सॉल्यूशंस पर बचत और रिवॉर्ड्स मिलते हैं।

एक्सिस बैंक और वीज़ा का नया कैम्पेन

मुम्बई। एक्सिस बैंक ने वीजा के साथ मिलकर आज अपने 'दिल से ओपन सेलिब्रेशंस 2026' अभियान की शुरुआत की। इसका मुख्य संदेश है- 'इस फेस्टिव सीजन, हर खुशी को बनाओ बड़ी।' यह अभियान इस सोच पर आधारित है कि त्योहारों के दौरान हमारे लिए खास मायने रखने वाले लोगों की खुशियों को और बढ़ाया जाए। इसमें एक अनूठी रचनात्मक कहानी के जरिए रोजमर्रा की छोटी-छोटी इच्छाओं को खास और यादगार बनाने का संदेश दिया गया है। इस अभियान की कहानी में शाहिद कपूर और एक छोटी बच्ची को दिखाया गया है, जिसमे बच्ची के पास एक जादुई गुड़ियाघर है, जो उसकी इच्छाओं को हकीकत में बदल देता है।

एसएमके हेलमेट्स की पेशकश

नई दिल्ली। एसएमके हेलमेट्स ने अपने मुख्य मॉडल अग्नार में एक नया डिकल एडिशन अग्नार रेव्व जोड़ा है। अग्नार को पहली बार 2024 में लॉन्च किया गया था और तब से इसने एसएमके के फुल-फेस हेलमेट्स में फिट, वेंटिलेशन और शांत राइड के लिए अपनी पहचान बनाई है रेव्व ग्राफिक क्राउन पर और वाइज़र की ओर नीचे की तरफ बारीक समानांतर रेखाओं के एक क्लस्टर के साथ चलता है, जो रेव काउंटर नीडल के स्वीप को दर्शाता है। यह कंट्रास्ट टोन में शार्प एंगुलर पैनल्स के साथ आता है।

पीएनजी ज्वेलर्स की और से सप्तम कलेक्शन के साथ दिवाली उत्सव की शुरुआत की

अयोध्या। पीएनजी ज्वेलर्स ने दिवाली के अवसर पर अपने विशेष अभियान की घोषणा की है । इस अभियान का मुख्य आकर्षण 'सप्तम कलेक्शन' है । इसके साथ ही ग्राहकों को सोने के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 50 प्रतिशत तक और हीरे के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 100प्रतिशत तक की छूट मिलेगी । पुराने सोने के बदले नए आभूषण खरीदने पर 0 प्रतिशत कटौती का लाभ भी मिलेगा । पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष व व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा दिवाली भारत में सोने की खरीदारी के सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है। इसका सांस्कृतिक महत्व होने के साथ-साथ इसे निवेश के नजरिए से भी देखा जाता है। हाल में सोने की कीमतों में आए सुधार के बाद ग्राहकों में खरीदारी को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है विशेषकर त्योहारों और आगामी विवाह समारोहों के लिए।

जूस पर भ्रामक दावों के लिए स्टोरिया के खिलाफ कार्रवाई शुरू

नयी दिल्ली। खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने अनार के जूस के लेबल पर भ्रामक दावे के मामले में स्टोरिया फूड्स एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 'न्यायनिर्णय' की कार्यवाही को मंजूरी दी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि स्टोरिया जूस (अनार) में चार प्रतिशत अनार का गाढ़ा रस और 12 प्रतिशत सेब का गाढ़ा रस है, लेकिन इसके नाम और तस्वीर से उपभोक्ताओं को उत्पाद की वास्तविक संरचना के बारे में गलत धारणा हो सकती है। नियामक ने कहा कि उत्पाद के लेबल पर यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया था कि जूस गाढ़े रस से दोबारा तैयार किया गया है, जबकि संबंधित नियमों के तहत ऐसा करना जरूरी है। इसके अलावा, उत्पाद पर किया गया '100 प्रतिशत फलों के जूस के बराबर (दोबारा तैयार किया गया)' का दावा भी संबंधित परामर्श के अनुरूप नहीं पाया गया। पैकेट के सामने 'अतिरिक्त चीनी नहीं' का दावा प्रमुखता से लिखा गया था, जबकि पीछे 'फलों में प्राकृतिक रूप से मौजूद चीनी शामिल है' की जानकारी कम प्रमुखता से दी गई थी। एफएसएसएआई ने इसे उपभोक्ताओं के लिए भ्रामक बताया। नियामक ने कहा कि लेबल पर दी गई जानकारियां और दावे संबंधित खाद्य सुरक्षा नियमों का कथित उल्लंघन करते पाए गए। उत्पाद का निरीक्षण और नमूना लेने के साथ लेबल की जांच की गई। सक्षम प्राधिकरण को कंपनी का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं लगा। इसके बाद एफएसएसएआई के सक्षम प्राधिकरण ने कंपनी के खिलाफ न्यायनिर्णय की कार्यवाही को मंजूरी दे दी। एक अन्य पोस्ट में नियामक ने बताया कि क्रैनबेरी अर्क उत्पाद पर भ्रामक दावे करने के मामले में हेल्दीहे फूड्स एलएलपी को नोटिस जारी किया गया है।

हिमालया बेबीकेयर का हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट

नई दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने स्माइल फ़ाउंडेशन के सहयोग से उत्तर प्रदेश के लखनऊ और बहराइच में हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट की एक श्रृंखला आयोजित की। इसमें सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों और संवाद के ज़रिए 165 से ज़्यादा माताओं और शिशुओं ने हिस्सा लिया। इस पहल ने मातृ व शिशु कल्याण को बढ़ावा देने और बच्चों के जीवन के शुरुआती वर्षों में स्वस्थ विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दोनों संस्थाओं की साझा प्रतिबद्धता को मज़बूत किया। बहराइच के आंगनवाड़ी केंद्र और लखनऊ के एएनबी सब-सेंटर में 'हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट' का आयोजन किया गया। दोनों केंद्रों पर 165 से ज़्यादा माताओं और शिशुओं की भागीदारी दर्ज की गई। इस पहल के जरिए सामुदायिक स्तर पर माताओं और शिशुओं को एक साथ लाकर शिशु की सेहतमंद देखभाल के तरीकों और जीवन की एक सेहतमंद शुरुआत के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

रुपया तीन पैसे टूटकर 94.92 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तीन पैसे टूटकर 94.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपये पर दबाव रहा। रुपये में सोमवार को आई गिरावट के साथ ही इसमें लगातार छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.90 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.75 के उच्चस्तर तक गया और 94.97 के निचले स्तर तक आया। अंत में रुपया 94.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ 10 पैसे मजबूत होकर 94.89 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डॉलर की हाजिर मांग नियंत्रित करने के उपायों से रुपये को समर्थन मिला था। रुपये में 16 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान करीब दो प्रतिशत की मजबूती आई थी। लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा, ''आरबीआई के उपायों से अल्पकालिक मुद्रा उतार-चढ़ाव को स्थिर करने में मदद मिल सकती है, लेकिन रुपये में टिकाऊ सुधार के लिए कच्चे तेल की कीमतों में कमी, विदेशी पूंजी प्रवाह में सुधार और बाहरी दबाव कम होना जरूरी है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 101.93 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चे तेल का वायदा भाव 1.17 प्रतिशत गिरकर 108.58 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

एचडीएफसी बैंक के शुद्ध लाभ में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि

मुम्बई। एचडीएफसी बैंक ने 30 सितंबर 2026 को समाप्त दूसरी तिमाही में 19,510 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 4.7 प्रतिशत अधिक है। बैंक के मुनाफे में वृद्धि के साथ शुद्ध ब्याज आय, जमा और ऋण वितरण में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। बैंक का शुद्ध राजस्व बढ़कर 48,450 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 45,900 करोड़ रुपये था। शुद्ध ब्याज आय 9.7 प्रतिशत बढ़कर 34,620 करोड़ रुपये पहुंच गई। कुल परिसंपत्तियों के आधार पर शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.16 प्रतिशत रहा। ट्रेजरी ट्रेडिंग लाभ को छोड़कर बैंक के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर लगभग 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-13237
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313

aajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

ऑडी इंडिया ने लॉन्च की ऑल-न्यू ऑडी क्यू3

मुंबई। जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी ऑडी ने आज भारत में बिल्कुल नई ऑडी क्यू3 लॉन्च की। इस कॉम्पैक्ट लग्ज़री एसयूवी में 150 किलोवाट की पावर, क्वाट्रो ऑल-व्हील ड्राइव और डिजिटल, लाइटिंग व आराम से जुड़ी कई टेक्नोलॉजी एक साथ दी गई हैं। टेक्नोलॉजी से भरपूर केबिन में डिजिटल स्टेज पैनोरमिक डिस्प्ले, हेड-अप डिस्प्ले और सोनोस प्रीमियम साउंड सिस्टम है।नई ऑडी क्यू3 को छत्रपति संभाजीनगर के एसएवीडब्ल्यूआईपीएल प्लांट में असेंबल किया गया है और इसकी शुरुआती कीमत 51,99,000 रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है।

फोनपे ने फोनपे इन्वेस्ट में अपग्रेड किया

मुम्बई। फोनपे ने अपने ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म शेयर.मार्किट का नाम बदलकर फोनपे इन्वेस्ट कर दिया है, ताकि यूज़र्स को एक ही भरोसेमंद ब्रांड नेम के साथ निवेश का एक बेहतर अनुभव मिल सके।शेयर.मार्किट अब फोनपे इन्वेस्ट हो गया है। इस बदलाव के साथ ही पेमेंट्स, लोन और इंश्योरेंस की तरह बेहतरीन रिसर्च-आधारित इन्वेस्टिंग सर्विस भी अब फोनपे के एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी।

विश की संगीत की दुनिया की वापसी

मुंबई। भारत के गर्ल ग्रुप विश ने अपने नए गानों 'कसूर' और 'दूरी' के साथ संगीत की दुनिया में वापसी की है। री, जो, सिम और सुची के इस चार सदस्यीय ग्रुप ने दोनों ट्रैक्स के जरिए प्यार, चाहत, फासले और दिल टूटने की भावनाओं को पेश किया है। मिकी मैकलियरी द्वारा निर्मित 'कसूर' आकर्षण, आत्मविश्वास और रोमांच से भरपूर है। इसका म्यूजिक वीडियो राजस्थान के एक भव्य महल में फिल्माया गया है,

हंगर पैंग्स ने दाखिल किया डीआरएचपी

मुम्बई। हंगर पैंक्स लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कराया है। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 2 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयरों का 150 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों की ओर से 2,79,29,760 शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

बैंक ऑफ इंडिया की वाहन ऋण व्यवसाय बढ़ाने की पहल

लखनऊ। आरबीसी लखनऊ वाहन ऋण व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया, आरबीसी लखनऊ की टीम ने टाटा पुनीत एवं एसआरएम टाटा मोटर्स के डीलरशिप प्रतिष्ठानों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने महाप्रबंधक (सेल्स), फाइनेंस मैनेजर्स एवं सेल्स टीम के साथ बैठक कर बैंक की नवीनतम ब्याज दरों (ऋह्रह्व) एवं पेआउट संरचना की जानकारी दी। उप महाआंचलिक प्रबंधक (वसूली), श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने मोहनलालगंज एवं रायबरेली शाखाओं के प्रमुखों को अपने-अपने क्षेत्र में स्थित एसआरएम डीलरशिप के साथ समन्वय स्थापित कर वाहन ऋण संबंधी संभावित व्यवसाय प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। विपणन अधिकारी सुश्री कामिनी यादव ने इन बैठकों को सफल बनाने में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

फैमिलियराइजेशन ट्रिप से मिला तुर्किये का अनुभव

नई दिल्ली। तुर्किये टूरिज्म प्रमोशन एंड डेवलपमेंट एजेंसी ने कप्पाडोसिया एरिया प्रेसीडेंसी और टर्किश एयरलाइंस के साथ पार्टनरशिप में, इंडियन ट्रैवल ट्रेड के 30 सदस्यों के लिए एक फैमिलियराइजेशन ट्रिप को सफलतापूर्वक पूरा किया है। 6 से 11 अक्टूबर तक हुई इस ट्रिप में पूरे भारत के टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट इस्तांबुल और कप्पाडोसिया गए, जिससे उन्हें पीक ट्रैवल सीजन से पहले तुर्किये की दो सबसे पसंदीदा जगहों का सीधा अनुभव मिला। इस पहल में भारत के आउटबाउंड ट्रैवल इकोसिस्टम के प्रतिनिधि एक साथ आए, जिसमें बीटूबी ट्रैवल एजेंट आदि शामिल थे।

विद्या मालवडे ने 'स्कैम 2024 - द डिजिटल अरेस्ट स्टोरी' से माइ ोड्रामा की दुनिया में रखा कदम

मुंबई। क्या होगा जब सरकारी अधिकारी होने का दावा करने वाले किसी व्यक्ति का फोन आपकी जिंदगी को मुसीबत में डाल दे? देश में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी सच्चाई को पर्दे पर दिखाने के लिए स्टोरी टीवी लेकर आया है अपना नया माइक्रोड्रामा स्कैम 2024 - द डिजिटल अरेस्ट स्टोरी। इसमें विद्या मालवडे, प्रतीक सहजपाल और विनीत रैना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। स्मॉल टाउन बॉयज़ के निर्माण और आलोक शर्मा के निर्देशन में बनी यह रोमांचक सीरीज़ अब केवल स्टोरी टीवी ऐप पर देखी जा सकती है। इस सीरीज़ में संदीप अरोड़ा आनंद के किरदार में नजर आएंगे। इनके अलावा प्रियंशी त्रिपाठी, पूजा झा, आयुषी त्यागी, शीतल तेजवानी, अशोक के. झा और योगेश पवार भी अहम भूमिकाओं में हैं।

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखंड संख्या, 3 /301 विशाल खंड गोमती नगर लखनऊ जो कि बलराम सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय महेंद्र सिंह के नाम दर्ज है के वारिसान विजय सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय बलराम सिंह यादव एवं अर्चना यादव पुत्री स्वर्गीय बलराम सिंह यादव एवं अन्य हैं जिसमें से विजय सिंह यादव एवं अर्चना यादव क्रमशः 1/3-1/3 भूखंड के मालिकाना हक रखते हैं एवं उक्त भूखंड पर काबिज हैं किसी अन्य वारिशान/ हिस्सेदार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय किया जाता है तो वह पूर्णता असं वैधानिक होगा एवं विक्रय कर्ता/क्रय कर्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी एवं उक्त भूखंड को बंधक करने के पश्चात दिए गए ऋण हेतु संबंधित वित्तीय संस्थान स्वयं जिम्मेदार होगा एवं उक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।- विजय सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय बलराम सिंह यादव व अर्चना यादव पुत्री स्वर्गीय बलराम सिंह यादव निवासी 26 लक्ष्मण पुरी कॉलोनी लखनऊ।

सूचना

सूचित हो कि मेरे प्लाट खसरा संख्या 42, 1320 SF तकरोही, इंदिरानगर, लखनऊ की मूल रजिस्ट्री वास्तव में खो गई है। प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पुत्र बाबू लाल श्रीवास्तव निवासी 11/811, इंदिरानगर, लखनऊ।

सूचना

मैने अपना नाम RIYAZ AHMED ANSARI से बदलकर RIYAJ AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAHMATULLA ADD-GONDEY GONDA DIST-PRATAPGARH-230403 (U.P.)

सूचना

सूचित हो कि मेरे प्लाट संख्या 12, ईश्वरपुरी कॉलोनी, सेक्टर 12, इंदिरानगर, लखनऊ की मूल रजिस्ट्री वास्तव में खो गई है। ज्ञान प्रकाश सोनकर निवासी हलवासिया रेसीडेंसी, न्यू हैदराबाद, लखनऊ, 9415025175

सूचना

मैने अपना नाम ABDUL GANI ANSARI से बदलकर ABDUL GHANI ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMED AMIN ADD-155/5, GANGA PRASAD ROAD, MAULVIGANJ, PO-AMINABAD PARK, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम AKRAM ALI था, जिसे बदलकर मैंने AKRAM ALI HALVAI कर लिया है। भविष्य में मुझे AKRAM ALI HALVAI S/O RAMJAN ALI HALVAI नाम से जाना पहचाना जाए। पता : ग्राम-मझहवा, खुर्तहुदा, बलरामपुर, उ0प्र0 नोटः पुराना नाम : AKRAM ALI नया नाम : AKRAM ALI HALVAI

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MAKABUL HUSEN था, जिसे बदलकर मैंने MAKABOOL AHMED कर लिया है। भविष्य में मुझे MAKABOOL AHMED S/O NASARULA नाम से जाना पहचाना जाए। पता : 64, रमवापुर कलॉ, उतरौला, बलरामपुर, उ0प्र0 नोटः पुराना नाम : MAKABUL HUSEN नया नाम : MAKABOOLAHMED

हेतु संदर्भित करने की सूचना/ साधारण प्रारूप

न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त मजि0 द्वितीय स्थान नवाबगंज जिला बाराबंकी। वाद सं०-4184/2025 सन् 2025 ई० अंतर्गत धारा 116 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2026 दुर्गादेई वादी बनाम रूपाली आदि, 1. रूपाली त्रिपाठी पुत्री डी0पी0 त्रिपाठी निवासी म0नं0 591/786 बल्देव बिहारी, तेलीबाग, लखनऊ, 2. श्रीमती मधु निगम पत्नी सत्य प्रकाश निगम म0नं0 R/478 मो0 रसूलपुर शहर प0त0 जिला-बाराबंकी, 3. ग्राम प्रधान ग्राम सभा टिकराघाट विकास खण्ड हरख जिला-बाराबंकी, प्रतिवादी। चूंकि उपरोक्त नामांकित .... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .... अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 21/10/2026 के दिवस को 11 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्स जाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन का एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे द्वारा हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक .... के दिवस को दिखाई गयी। **न्यायालय की मोहर**

सूचना

मैने अपना नाम ANDALEEB ZEHRA से बदलकर ANDLEEB ZEHARA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SYED BASHIR HUSAIN ZAIDI ADD-PEER BUKHARA, CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

सूचना

सूचित हो कि प्रार्थिनी के पासपोर्ट में EQRA ZAMIR अंकित है, प्रार्थिनी के आधार एवं पैन पर IQRA ZAMIR अंकित है, और भविष्य में मुझे IQRA ZAMIR पुत्री ZAMIR AHMAD निवासी नवाबगंज, तंबौर खास, तंबौर सतीपुर, उ.प्र.के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम GULZAR AHMAD था, जिसे बदलकर मैंने GULJAR AHMAD कर लिया है। भविष्य में मुझे GULJAR AHMAD S/O MOHAMMAD ISMAIL नाम से जाना पहचाना जाए। पता : 168, राज घाट, ककरा, सहदेइया, पो0-श्रीदत्तगंज, बलरामपुर , उ0प्र0। नोटः पुराना नाम : GULZAR AHMAD नया नाम : GULJARAHMAD

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम YAR ALI था, जिसे बदलकर मैंने YAR ALI AKRAM ALI HALVAI कर लिया है। भविष्य में मुझे YAR ALI AKRAM ALI HALVAI S/O AKRAM ALI HALVAI नाम से जाना पहचाना जाए। पता : ग्राम-मझहवा, खुर्तहुदा, रेहरा माफी, बलरामपुर, उ0प्र0 नोट : पुराना नाम : YAR ALI नया नाम : YAR ALI AKRAM ALI HALVAI

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MUSHTAQUE था, जिसे बदलकर मैंने MUSTAK कर लिया है। भविष्य में मुझे MUSTAK S/O KALLOO नाम से जाना पहचाना जाए। पता : सलामतडीह, गणेशपुर ग्रन्ट, रेतवा गाड़ा, गोण्डा, उ0प्र0 नोटः पुराना नाम : MUSHTAQUE नया नाम : MUSTAK

सूचना

मैने अपना नाम मोहम्मद साकिर (MOHAMMAD SAKIR) से बदलकर मोहम्मद शाकिर (MOHD SHAKIR) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मोहम्मद शाकिर (MOHD SHAKIR) पुत्र श्री मोहम्मद इब्राहिम (MOHD IBRAHIM) ADD-458/037/एन शिवपुरी रेहमती मस्जिद हुसैनाबाद चौक लखनऊ उ0प्र0

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम ABDUL RASHEED था, जिसे बदलकर मैंने ABDUL RASHID KHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे ABDUL RASHID KHAN S/O ABDUL JALIL नाम से जाना पहचाना जाए। पता : ग्राम-जयनगरा, कौवापुर, तुलसीपुर, बलरामपुर, उ0प्र0 नोटः पुराना नाम : ABDUL RASHEED नया नाम : ABDUL RASHID KHAN

सूचना

मैने अपना नाम ALTAF से बदलकर MOHAMMAD ALTAF रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-CHAINOO KHAN ADD-39/01, VILLAGE TATEHRA, KAISERGANJ, POST-FAKHARPUR, DIST-BAHRAICH-271902 (U.P.)

इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम से जुड़े दो लाख क्रिएटर्स

बेंगलुरु। अमेज़न ने आज घोषणा की कि उसका अमेज़न इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम बढ़कर 2 लाख से अधिक क्रिएटर्स तक पहुँच चुका है, जो पिछले साल की तुलना में दोगुना है। अमेज़न, अमेजन डॉट इन पर और उसके बाहर भी कंटेंट-आधारित कॉमर्स के ज़रिए क्रिएटर्स के लिए बड़े पैमाने पर बिज़नेस बनाने के अवसरों का विस्तार करना जारी रखे हुए है। क्रिएटर्स अब अपने यूट्यूब और पिंटरेस्ट कंटेंट में अमेज़न के प्रोडक्ट्स को टैग कर सकते हैं, योग्य खरीदारियों पर कमीशन कमा सकते हैं और देशभर के लाखों ग्राहकों को खरीदारी के बेहतर फैसले लेने में मदद कर सकते हैं।

बाइनेंस ने 80 लाख यूजर्स को बचाया

मुम्बई। ट्रेडिंग वॉल्यूम और रजिस्टर्ड यूजर्स के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज चलाने वाले ग्लोबल ब्लॉकचेन इकोसिस्टम बाइनेंस ने बताया है कि एआई की मदद से उसके सुरक्षा सिस्टम ने 2026 की पहली छमाही में 80 लाख से ज्यादा यूजर्स को बचाया और करीब 460 करोड़ डॉलर (करीब 38,640 करोड़ रुपये) का संभावित नुकसान रोका।

येज़दी ने ट्रिनिटी को अमेजन.इन और फ्लिपकार्ट पर किया पेश

मुम्बई। जावा येज़दी मोटरसाइकल्स इस त्योहारी सीज़न में अपनी 2026 येज़दी रेंज को अमेजन.इन और फ्लिपकार्ट पर लेकर आई है, जिससे देश भर के राइडर्स के लिए येलो फाल्कन एडवेंचर, ग्रीन मांबा रोडस्टर और ग्रे पैंथर स्क्रैम्बलर तक पहुँचना और भी आसान हो गया है। नए रंगों, राइडर-केंद्रित अपग्रेड्स और अलग-अलग खूबियों के साथ, यह रेंज राइडिंग के विभिन्न तरीकों के लिए खास तौर पर तैयार मोटरसाइकिलों पर येज़दी के ध्यान को जारी रखती है। क्लासिक लेजेंड्स के सह-संस्थापक, अनुपम थरेजा ने कहा, येज़दी ने हमेशा ऐसे राइडर्स को आकर्षित किया है जो अपने तरीके से काम करना पसंद करते हैं। 2026 की रेंज तीन खास मोटरसाइकिलों के माध्यम से उसी भावना को आगे बढ़ाती है, जिनमें से प्रत्येक का अपना अलग चरित्र और उद्देश्य है। येलो फाल्कन एडवेंचर, ग्रीन मांबा रोडस्टर और ग्रे पैंथर स्क्रैम्बलर राइडर्स को एक ऐसी मोटरसाइकिल चुनने के अधिक विकल्प देते हैं जो यह दर्शाती है कि वे कैसे और कहाँ राइड करते हैं। इस रेंज को अमेजन.इन और फ्लिपकार्ट पर लाना येज़दी को अधिक सुलभ बनाने और राइडर्स को इस त्योहारी सीज़न में अपनी पसंदीदा मोटरसाइकिल खोजने और बुक करने का एक और तरीका देने की दिशा में एक कदम है।चाहे एडवेंचर के साथ लंबी यात्राएं तय करनी हों, रोडस्टर के साथ रोज़मर्रा की सड़कों पर चलना हो, या फिर स्क्रैम्बलर के साथ पक्की सड़कों से परे निकलना हो—प्रत्येक मोटरसाइकिल एक अलग राइडिंग अनुभव प्रदान करते हुए येज़दी के मूल अंदाज़ पर खरी उतरती है। इसमें 334 सीसी का लिक्विड-कूल्ड अल्फ़ा 2 इंजन जारी रखा गया है, जो 29.6 पीएस की पावर और 29.8 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। ग्रीन मांबा रोडस्टर को एक खास मैट ग्रीन फिनिश दी गई हैं।

प्रारूप सी-1
आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सिविल) संख्या 536/2011 – पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य में दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को पारित निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : सुशील कुमार, पुत्र स्व. श्री राम नारायण, आयु लगभग 62 वर्ष, निवासी 1, बजरंग नगर, कृष्णा नगर, कानपुर रोड, लखनऊ – 226023

राजनीतिक दल का नाम : समाजवादी पार्टी

निर्वाचन का नाम : उत्तर प्रदेश विधान परिषद का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र

मैं, **सुशील कुमार**, उपर्युक्त निर्वाचन का अभ्यर्थी, अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण जन-सामान्य की जानकारी हेतु घोषित करता हूँ:

(क) लंबित आपराधिक मामले

क्र.सं.	न्यायालय का नाम	मामला संख्या एवं दिनांक	मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियम की धारा(एँ) एवं अपराध का संक्षिप्त विवरण
1.	मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / कोर्ट नं. 18, बाराबंकी	अंतिम रिपोर्ट सं. 217/2022 (सी.एन.आर. सं. UPBB0401215/2022), मु.अ.सं. 0123/2021 से उत्पन्न, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी; प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 01.02.2021	लंबित। पुलिस द्वारा दिनांक 29.05.2021 को साक्ष्य के अभाव में अंतिम रिपोर्ट (क्लोज़र रिपोर्ट) प्रेषित; न्यायालय के आदेश हेतु लंबित।	धारा 447 भा.दं.सं. सपठित धारा 3 व 4 लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 – आपराधिक अतिचार एवं लोक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाली रिष्टि।

(ख) आपराधिक अपराधों के लिए दोषसिद्धि के मामलों का विवरण

क्र.सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश का/के दिनांक	अपराध का विवरण एवं अधिरोपित दंड	अधिकतम अधिरोपित दंड
–	शून्य	शून्य	शून्य